### बिजलीकर्मियों का आज प्रदर्शन, एस्मा लागू

**लखनऊ, 6 दिसंबर (एजेंसी)।** यूपी में बिजली के निजीकरण के विरोध में कल से यूपी के बिजलीकर्मी आंदोलन करेंगे। इस बीच यूपी में एस्मा लागू कर दिया गया है। सात दिसंबर को विरोध प्रदर्शन के बीच चेतावनी दी गई है कि आउट सोर्सिंग कर्मियों को इससे अलग रखा जाए।

## खुब्बापुर थप्पड़ कांड में शिक्षिका तृप्ता त्यागी को मिली जमानत

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** चर्चित खुब्बापुर के थप्पड़ कांड की आरोपी शिक्षिका तृप्ता त्यागी को नियमित जमानत मिल गई। अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की पीठासीन अधिकारी अलका भारती ने सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। थाना मंसूरपुर के गांव खुब्बापुर में संचालित किए जा रहे नेहा पब्लिक स्कूल का एक वीडियो 24 अगस्त 2023 को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसे लेकर छह सितंबर को शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। वीडियो में शिक्षिका और स्कूल संचालिका तृप्ति त्यागी द्वारा पांच का पहाड़ा सुनाने में विफल रहने पर एक मुस्लिम छात्र को दूसरे समुदाय के छात्रों से पिटवाते दिखाया जा रहा था। इसमें शिक्षिका खुद भी पीड़ित छात्र पर कुछ टिप्पणी करती सुनाई दे रही थी। हाईकोर्ट ने इस मामले में शिक्षिका को स्थानीय अदालत में नियमित जमानत के लिए आवेदन करने का आदेश दिया था। मामले में शिक्षिका की जमानत की पैरवी करते हुए बचाव पक्ष ने अदालत में तर्क दिया था कि शिक्षिका बुजुर्ग और दिव्यांग है। उनकी दलील सुनने के बाद कोर्ट ने शिक्षिका की नियमित जमानत स्वीकार कर ली।

### अयोध्या में मस्जिद निर्माण कराकर मुसलमानों को दे सरकार

**अयोध्या, 6 दिसंबर (एजेंसी)।** अयोध्या में छह दिसंबर के दिन मोहल्ला पुरानी सब्जी मंडी में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ नजमुल हसन गनी के आवास पर कुरानख्वानी की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन दिया गया। मांग उठाई गई कि केंद्र सरकार मस्जिद का निर्माण कराकर मुस्लिम समाज को दे। ज्ञापन में कहा गया कि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से अयोध्या में राम मंदिर बन गया है, लेकिन मस्जिद अभी तक नहीं बनी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में पांच एकड़ जमीन धन्नीपुर में मस्जिद निर्माण के लिए दी है। छह दिसंबर 1992 को जब बाबरी मस्जिद शहीद हुई थी, तब वह केंद्र सरकार के अधीन थी।

### सोने की हॉलमार्किंग को अनिवार्य करने पर विचार

**नई दिल्ली, 6 दिसंबर (एजेंसी)।** उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे के अनुसार सरकार सोने के बुलियन की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। साथ ही, उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के प्रयासों के तहत प्रयोगशाला में विकसित हीरों के लिए नियम भी तैयार की जा रही है। नई दिल्ली में सीआईआई रत्न व आभूषण सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण व सटीक उत्पाद उपलब्ध कराकर उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने की आवश्यकता है। खरे ने कहा, "रत्न व आभूषण क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो निर्यात और रोजगार दोनों में महत्वपूर्ण योगदान देता है।" सचिव ने स्वर्ण आभूषणों और स्वर्ण कलाकृतियों की अनिवार्य हॉलमार्किंग के सफल कार्यान्वयन पर प्रकाश डाला, जो 23 जून, 2021 से शुरू हुआ।

### तोता ढूंढकर लाइए, 10 हजार का इनाम पाइए!

**मेरठ, 6 दिसंबर (एजेंसी)।** शहर के प्रभातनगर के परिवार को तोता लापता हो गया। उसे तलाश करने वाले को 10 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। परिवार ने तोते के पोस्टर शहर में कई जगह चस्पा कराए हैं। प्रभातनगर निवासी आकांक्षा पत्नी मोहन सिंह ने बताया कि चार साल पहले उनकी बेटी तनवी और बेटे मेधांश की इच्छा पर वह तोता खरीदकर लाए थे। तोते का नाम मिट्ठू रखा था। अब वह परिवार का हिस्सा बन गया था। सभी उसे बहुत प्यार करते थे। चार दिन पहले घर में रखी लकड़ी की सीढ़ी गिर गई थी। सीढ़ी गिरने की तेज आवाज से तोता डरकर उड़ गया। वह घर से बाहर गया तो वापस नहीं आया। काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला। वह घर में खुला ही रहता था। बाहर जाते समय उसे पिंजरे में लेकर जाते थे। तोता लापता होने से उनके दोनों बच्चे काफी दुखी हैं। वह रोज तोते को बादाम, सेब और अमरूद खिलाती थी। उसे शिमला मिर्च भी काफी पसंद थी।

### बेटी ने लगाया मारपीट व कपड़े फाड़े जाने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 06 दिसम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली में एक महिला द्वारा शिकायत दर्ज कराते हुए बताया गया कि उसकी बेटी इंटर की छात्रा है और जिस समय वह ट्यूशन जाती थी, उस दौरान सुशांत और गौरव शर्मा नाम के दो युवकों ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें की। इतना ही नहीं जब बेटी ने आरोपियों की हरकत को अपने परिजनों को बताया तो परिजनों ने बेटी को ट्यूशन भेजना ही बंद कर दिया। उक्त मामले में आरोपी पक्ष ने लाठी डंडों से हमला कर दिया और उसकी बेटी के साथ मारपीट करते हुए उसके कपड़े भी फाड़ दिये। शोर शराबा मचाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# खतौली पैठ में अवैध वसूली को लेकर हड़कम्प

## दुकानदारों ने वसूली करते युवक को पकड़ा तो आरोपी ने तान दिया तमंचा



**खतौली, 06 दिसम्बर (बु.)।** साप्ताहिक पैठ में प्रशासन की उदासीनता के फलस्वरूप दुकानदारों से अवैध वसूली की चल रही परिपाटी के तहत विरोध के कारण जमकर हुए हंगामे से पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच गया। मिली जानकारी के अनुसार परम्परा के अनुसार नवीन मंडी स्थल पर प्रत्येक शुक्रवार को साप्ताहिक पैठ लगती है। जहां नगर क्षेत्र सहित अन्य नगरों से भारी संख्या में दुकानदार अपनी दुकानें लगाते हैं। साप्ताहिक इस पैठ से हजारों की संख्या नगर व ग्रामीण अंचल से नागरिक अपनी आवश्यकता के अनुसार सामान खरीदने आते हैं। आरोप है कि साप्ताहिक पैठ में कुछ दबंगों द्वारा दुकानदारों से अवैध वसूली की जाती रही है, जिसको लेकर अनेक दबंगों व दुकानदारों के बीच विवाद की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। परन्तु शिकायतों के बावजूद भी पुलिस प्रशासन इन शिकायतों को हमेशा नजर अंदाज करते हुए मात्र खानापूर्ति तक सीमित बना दिखाई दिया। शुक्रवार को नवीन मंडी स्थल पर लगी साप्ताहिक पैठ में उस समय खलबली मच गई, जब पैठ में आये दुकानदारां से अवैध वसूली करने आये एक युवक से कहासुनी हो गई। बताया जाता है कि जब दुकानदारों द्वारा अवैध वसूली का एकजुट होकर विरोध किया गया तो आरोप है कि उक्त युवक ने दुकानदारों के साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया, वहीं आरोप है कि उक्त युवक ने दुकानदारों पर तमंचा तान दिया, जिस पर पैठ में अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि दुकानदारों को एकजुट होता देख मौके की स्थिति को भांपते हुए आरोपी युवक किसी तरह भीड़ से निकलकर वहां से फरार हा गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, परन्तु युवक के फरार होने के पश्चात दुकानदार भी शान्त हो चुके थे। दुकानदारों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुट गई है।

## कृषि विभाग ने मारा छापा, मचा हड़कंप

### 19 नमूने जब्त, 2 लाईसेंस निलंबित, 5 को दिया नोटिस



मुजफ्फरनगर, 06 दिसम्बर (बु.)। जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया ने जनपद में 37 बीज विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी की कार्यवाही करते हुए 19 नमूने जांच के लिए एकत्रित किए। छापेमारी के दौरान 2 बीज विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए। इस दौरान क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। शासन के निर्देश पर जनपद में बीज की दुकानों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। छापेमारी में जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया ने खतौली क्षेत्र के बड़सू, रतनपुरी व बुढ़ाना कस्बे में 37 दुकानों पर छापे मारे गए। इस दौरान टीम ने 19 बीजों के नमूने जांच के लिए जब्त करते हुए प्रयोगशाला को भेज दिए। इस छापेमारी की कार्यवाही के दौरान दुकानदारों के दस्तावेज की जाचं की गयी। इसमें दो दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए और 5 को चेतावनी दी। उन्होंने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा कि लाइसेंसधारक बीज के दुकानदारों से कृषि संबंधी सामग्री खरीदने और दुकानदार से बिल लेने की अपील की।

### कॉलेज परिसर में नमाज पर छात्रों का हंगामा, पुलिस से धक्का-मुक्की

**वाराणसी, 6 दिसंबर (एजेंसी)।** यूपी कॉलेज परिसर स्थित मजार पर नमाज पढ़ने के विवाद के बीच शुक्रवार को छात्रों का हुजूम हनुमान ध्वजा के साथ जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए पहुंच गया। मौके पर पहले से तैनात पुलिस ने छात्रों को गेट से कुछ दूरी पर रोक दिया। इससे नाराज छात्रों ने हंगामा किया। साथ ही पुलिस की जीप पर चढ़ कर विरोध जताया। इस दौरान पुलिस और छात्रों के बीच जमकर कहासुनी, धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने सख्ती करके छात्रों को तितर-बितर किया। छात्रों का कहना था कि कॉलेज परिसर से मजार हटाई जाए। यदि कोई नमाज पढ़ने आएगा तो हम वहां हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। लगभग एक घंटे की हंगामेदार स्थिति के बाद पुलिस ने लाठी पटक कर छात्रों को खदेड़ा, तब जाकर स्थिति सामान्य हुई। इसके बाद छात्रों ने भोजूबीर में कॉलेज के संस्थापक राजर्षि उदय प्रताप सिंह जूदेव की प्रतिमा के समक्ष हनुमान चालीसा का पाठ किया। हनुमान ध्वजा के साथ यूपी कॉलेज पहुंचे छात्रों का कहना था कि वह अपने कॉलेज परिसर में राजर्षि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। हालांकि कहासुनी, हंगामा और धक्का-मुक्की के बीच पुलिस छात्रों को गेट से लौटाने में सफल रही।





एन्टी रायट इक्विपमैन्ट्स के साथ पुलिस ने किया दंगा नियंत्रण अभ्यास

# पुलिस को सिखाए दंगाइयों से निपटने के गुर

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** संभल प्रकरण के बाद दंगाईयों और बलवाईयों का मुकाबला करने के लिए एन्टी रायट इक्विपमैन्ट्स के साथ पुलिस ने दंगा नियंत्रण अभ्यास (एंटी रायट ड्रिल) किया।

हाल के संभल प्रकरण के बाद किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस को तैयार करने और जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के लिए पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड में पुलिस फोर्स को दंगा नियंत्रण अभ्यास कराया गया। प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह द्वारा मौजूद फोर्स को एन्टी रायट ड्रिल और इस दौरान प्रयोग किये जाने वाले दंगा नियंत्रण उपकरणों की जानकारी दी गयी। अभ्यास से पूर्व प्रतिसार निरीक्षक ने पुलिस बल को ब्रीफ करते हुए बताया कि भीड़ के आकस्मिक एकत्रित होने अथवा किसी घटना विशेष के होने से उत्पन्न हुए रोष से लोगों के अवैधानिक रूप से एकत्रित होने तथा बलवा करने से उत्पन्न हुई स्थिति को नियन्त्रित करने तथा बलवाईयों को तितर-बितर करने के लिए एन्टी रायट ड्रिल का पुलिसबल द्वारा प्रयोग किया जाता है, जिससे कि कानून व्यवस्था की स्थिति बनी रहे। प्रतिसार निरीक्षक ने बताया कि कभी भी ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है जहां छोटी सी भी घटना बडा रूप ले सकती है, जिसके लिए तैयारियां बहुत अधिक महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ऐसी स्थिति के दौरान ड्यूटी में दंगा निरोधी उपकरणों से लैस होकर रहेंगे ताकि यदि कोई असामाजिक तत्व सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करता है तो पुलिस की तैयारियों के मद्देनजर उसका प्रयास विफल हो और स्थिति सामान्य रहे। प्रतिसार निरीक्षक महोदय द्वारा सभी को विभिन्न एन्टी रायट इक्विपमैन्ट्स के बारे में जानकारी दी तथा ड्रिल का अभ्यास किये जाने से पूर्व स्वयं के द्वारा उपकरणों का डैमो दिया गया। साथ ही ड्रिल में मौजूद पुलिस बल को आपात स्थिति में आग पर काबू पाने और खुद का बचाव करने के तरीके भी बताए गये।

### भैंसी के पास रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव, हड़कम्प

**खतौली, 06 दिसम्बर (बु.)।** गांव भैंसी क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के किनारे एक शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसी में रेलवे ट्रैक के किनारे शुक्रवार को एक अज्ञात शव पड़ा मिला।



ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त का प्रयास किया गया। शिनाख्त न होने पर पुलिस द्वारा पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस द्वारा मृतक के फोटो उसकी पहचान कराने के लिए सोशल मीडिया पर भी चलाये गये और दूसरे थानों को भेजे गये हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण भी स्पष्ट हो पायेगा।

# थानाध्यक्ष पर बंदरों का हमला, काटकर घायल किया

**शाहपुर, 06 दिसम्बर (बु.)।** अपराधियों पर कहर बनकर टूटने वाली पुलिस शाहपुर के खूंखार बंदरों के सामने बेबस नजर आई। हुआ यूँ कि आज थाना अध्यक्ष दीपक चौधरी अपने क्वार्टर से ऑफिस जाने के लिए तैयार थे कि रास्ते में थाना परिसर में बैठे बंदरों ने उन पर हमला कर दिया और उनको काटकर घायल कर दिया। इससे पहले कि वह किसी को आवाज लगाते थाने के ही आरक्षी सागर को भी बंदरों ने हमला कर घायल कर दिया। तत्काल थाना अध्यक्ष दीपक चौधरी व आरक्षी सागर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाए एवं अपनी चिकित्सा कराई। शाहपुर में बंदरों का आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

सूत्रों का कहना है कि बंदर पकड़ने वाले किसी अज्ञात ठेकेदार द्वारा रात्रि में अन्य जगह से लाकर यहां पर बंदर छोड़े गए हैं, क्योंकि यहां पर बंदरों की संख्या में अचानक वृद्धि हुई है। बंदर बच्चों एवं महिलाओं पर जानलेवा हमला करते हैं। कई दर्जन लोगों को बंदर काट कर घायल कर चुके हैं। नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों से भी इन हमलावर बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

### बंदरों से हर कोई परेशान

**शाहपुर, 06 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे में बंदरों की बढ़ती संख्या से आम जन परेशान है। खूंखार बंदरों ने नगर के मौहल्लों में महिलाओं, बच्चों सहित नागरिकों को परेशान कर रखा है। इसके अलावा बाजार के भी दुकानदारों को बंदरों के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 15 दिनों में बंदरों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। किरयाना की दुकान, फल व सब्जी की दुकानों से सामान ले जाने के साथ हमला करने से लोग भयभीत हैं। इसके अलावा कस्बे में क्षेत्र की जनता भी बेहद परेशान है। थाना परिसर में थानाध्यक्ष दीपक चौधरी व सिपाही सागर पर बंदर ने हमला कर जख्मी कर दिया। नागरिकों ने बंदरों से निजात पाने के लिए नगर पंचायत से इन्हें जल्द से जल्द पकड़वाने की मांग की है।

# नहीं बदले हालात, शहर में लगे चहुंओर कूड़े के अंबार

**▸ डलावघरों संग घरों से कूड़ा उठाने में विफल कंपनी प्रबंधन ▸ शनिवार को डलावघरों पर नहीं मिलेगी कूड़े की शिकायत**



**मुजफ्फरनगर, 06 दिसम्बर (बु.)।** वेतन संबंधी समस्याओं को लेकर फजीहतों में फंसी दिल्ली की एमआईटूसी कंपनी कर्मियों की हड़ताल बीते रविवार को छठे दिन खुल गई, लेकिन उसके बाद भी नगर क्षेत्र में कूड़े के ढेर कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं, जबकि कंपनी अधिकारी तमाम दावे करने से गुरेज करने से भी नहीं थक रहे। यहां कह कहना भी गलत न होगा कि 11 दिन बीत जाने के बाद भी नगर पालिका क्षेत्र के कई वार्ड कंपनी की गाड़ियों की आवाज सुनने से वंचित चल रहे हैं, वहीं डलावघरों पर गंदगी के ढ़ेर लगे हैं।

नगरपालिका परिषद् के साथ बीते फरवरी में अनुबंध के आधार पर पालिका के 55 वार्डों में शुरू हुई डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व डलावघरों से कूड़ा निस्तारण में लगी नई दिल्ली की एमआईटूसी सिक्योरिटी एण्ड फैसिलिटी प्रा. लि. अभी भी फजीहतों से घिरी हुई है, जिसमें बीते दिवस नगर पालिका द्वारा उसके कर्मियों के वेतन के रूप में धनराशि देने के बाद कूड़ा निस्तारण की समस्या का कोई निदान नहीं हो पाया है। कंपनी पर वेतन भुगतान की मांग को लेकर वाहनों का चक्का जाम कर हड़ताल पर गए कर्मियों की वापसी वेतन भुगतान के बाद कम नहीं हो पाई है। इससे जहां एक ओर कई वार्डों में अभी तक डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन फिर से शुरू नहीं हो पाया है, वहीं अधिकांश कूड़ा डलावघरों पर कूड़े के अंबार सफाई व्यवस्था का सच भी उजागर कर रहे हैं। इस मामले को लेकर कर्मियों का आरोप है कि कंपनी ने उन्हें दो माह का वेतन नहीं दिया और पीएफ व ईएसआई कार्ड भी नहीं बनाए है। कंपनी के 5-5 हजार रुपये का भुगतान करने के बाद भी कर्मचारी काम पर वापस नहीं लौटे थे, जबकि नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने उस वक्त भी आश्वासन दिया था। हालांकि बाद में उक्त समस्या का समाधान चेयरपर्सन ने कंपनी पर हड़ताल खुलवाने के लिए दबाव बनाया, जिसके बाद रविवार में कंपनी के परियोजना प्रबंधक का अतिरिक्त चार्ज संभाल रहे सेकेंड्री जोन के इंचार्ज कुलदीप सिंह ने कूड़ा कलेक्शन के वाहनों को निकलवाया था। बाद में सेकेंड्री जोन के चालकों-सुपरवाईजरों ने छोटी गाड़ियों संग वार्डों में पड़े कूड़े को उठाने का काम शुरू कर दिया, लेकिन 5 दिनों के बाद भी पालिका क्षेत्र में कूड़ा निदान की समस्या का निदान होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिसे लेकर चेयरपर्सन ने कंपनी अधिकारियों को समस्या निदान न होने पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी है।

**इन्होंने कहा**-सेकेंड्री जोन इंचार्ज कुलदीप सिंह ने बताया कि शनिवार से सभी कूड़ा वाहन सड़कों पर आ जायेंगे। उन्होंने दावा किया कि शनिवार को अधिक डलावघरों को साफ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कामकाज करने वाले कर्मियों के हितों के लिए कंपनी संवेदनशील है, लेकिन ऐसे कर्मियों की सूची बनाई गई है, जो बिना वजह ही मामले को तूल देकर गन्दगी से शहर सड़ाने की साजिश रच रहे थे। इनके खिलाफ प्रशासन और पालिका सहमति बाद कार्यवाही की जायेगी।

# हद! टैंडर खुले नहीं, शहर में मच गया पूल का शोर

**मुजफ्फरनगर, 06 दिसम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर नगरपालिका परिषद् में शह और मात के खेल में एक-दूसरे पर आरोपों के बीच अफवाहों का बाजार अपने यौवन पर है। नगरीय विकास को पंख लगाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच शहरी क्षेत्र में प्रस्तावित निर्माण कार्यों के टैंडर अभी खुले भी नहीं, लेकिन उनसे पहले ही कुछ सभासदों ने डीएम से मिलकर उनमें पूल और अनियमितता होने के आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग कर दी। डीएम से की गई शिकायत सवालों के घेरे में है, क्योंकि जब किसी भी निर्माण कार्य का टैंडर खुला ही नहीं तो उन्हें पूल होने की जानकारी किस आधार पर मिली। इन टैंडरों को अभी एक सप्ताह बाद खोले जाने की तैयारी है। डीएम से मिले वार्ड सभासदों की शिकायत पर पालिका में चर्चा का बाजार गर्म है। उन्होंने जिन कार्यों में पूल होने का दावा किया है, अभी उनके टैंडर खुले ही नहीं है। पालिका के एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि करीब 202 निर्माण कार्यों के टैंडर प्रक्रिया में हैं। उन्हें जानकारी मिली है कि कुछ सभासदों ने इसमें पूल होने की शिकायत डीएम से कर जांच की मांग की है, जबकि हकीकत यह है कि टैंडर खुले ही नहीं, तो पूल होने की बात कैसे की जा सकती है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह बाद इन टैंडरों को अलग अलग स्लॉट में खोलने की तैयारी निर्माण विभाग ने की है। इसके बाद टैंडर में ठेकेदार फर्मों के एस्टीमेट आधार पर दिए रेट यदि सभी 202 कार्यों में एक समान प्रतिशत पर पाए जाते हैं तो पूल माना जायेगा। उन्होंने बताया कि किसी भी कार्य के लिए 3 से कम टैंडर स्वीकार नहीं होंगे। ऐसे में किसी कार्य में चार, पांच और 8 तक टैंडर आए हैं, जो प्रतिस्पर्धा को दर्शाता है। उन्होंने इन कार्यों में पूल जैसी संभावना से इंकार करते हुए कहा कि टैंडर खुलने के बाद ही सही स्थिति सामने आ जायेगी।

**इन्होंने कहा**-पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि पालिका में भ्रष्टाचार के प्रति हमारी नीति जीरो टोलरेंस की है। निर्माण कार्यों के टैंडर हुए नहीं, होने बाकी हैं। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी है और प्रतिस्पर्धी है, किसी ने पूल का प्रयास किया भी है तो अभी किसी को कार्य स्वीकृत नहीं किए गए, ऐसे में अनियमितता का सवाल नहीं है। हमारी पूरी निगरानी बनी है। हम ये भी अपील करेंगे कि जनता के बीच किसी भी प्रकार का भ्रामक प्रचार कर पालिका की छवि को धूमिल करने से बचना चाहिए। सभी पालिका परिवार के रूप में एकजुट रहकर शहर के विकास में सकारात्मक योगदान प्रदान करें।

# शंभू बॉर्डर पर किसानों पर आंसू गैस और रबर बुलेट चलाई

**▸ दिल्ली के लिए निकले किसान वापस लौटे ▸ अब 'जत्था' आठ दिसंबर को दोपहर 12 बजे करेगा**

**चंडीगढ़, 6 दिसंबर (एजेंसी)।** पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर बैठे किसानों ने आज दिल्ली की तरफ कूच करना था। दोपहर एक बजे 101 मरजीवड़ों का जत्था दिल्ली के लिए आगे बढ़ा। किसानों ने बैरिकेडिंग और कंटीले तार हटा दिए लेकिन हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पार नहीं करने दिया। काफी देर तक किसान बैरिकेडिंग के सामने खड़े रहे और कहते रहे कि हम पैदल जाना चाहते हैं।



शंभू बॉर्डर पर किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बताया कि अब 101 किसानों का 'जत्था' 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे दिल्ली की ओर कूच करेगा। कल का दिन केंद्र सरकार से बातचीत के लिए रखा गया है। उन्होंने कहा है कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं, हम कल तक इंतजार करेंगे। हम सरकार से टकराव नहीं चाहते हैं। वहीं, पुलिस का कहना था कि किसान दिल्ली पुलिस की अनुमति लेकर आएं तभी उन्हें आगे बढ़ने दिया जाएगा। वहीं किसान आंदोलन को देखते हुए अंबाला में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई है। अंबाला के डंगदेहरी, लोहगढ़, मानकपुर, डडियाना, बारी घेल, लहारसा, कालू माजरा, देवी नगर, सद्दोपुर, सुल्तानपुर और काकरू में 9 दिसंबर तक मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद रहेगी। इसी दौरान एक किसान बैरिकेडिंग पर बने शेड पर चढ़ गया। पुलिस ने उसे चेतावनी देकर नीचे उतारा। इससे पहले कुछ किसान लोहे के जंगले पर चढ़े तो उन पर स्प्रे किया गया जिससे आंखों में जलन हो रही है। किसानों के अनुसार, स्प्रे मिर्ची वाला था। किसानों ने हाथ में अपने संगठन के झंडे पकड़े हुए हैं। इसके अलावा कई किसानों ने तिरंगा भी पकड़ा हुआ है। सभी ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ है। लगभग एक घंटे बाद पुलिस की तरफ से किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़ने शुरू किए गए। बैरिकेड पर लगी जाली हटाने पर पुलिस ने कार्रवाई की। किसानों को हरियाणा की तरफ से वापस जाने की अपील की जा रही थी। वहीं किसानों का कहना था कि हमें अपनी राजधानी में जाने के लिए अनुमति की जरूरत नहीं है। हरियाणा की तरफ से करीब 26 से ज्यादा आंसू गैस के गोले छोड़े गए। हरियाणा पुलिस की तरफ से प्लास्टिक की गोलियां भी चलाई गई। छह किसान जख्मी हुए हैं।

# गरीबों की सुध लेने रात 12 बजे के बाद रैन बसेरा पहुंचे डीएम

**▸ अव्यवस्थाओं को देखकर जताई नाराजगी, ईओ पालिका का मांगा स्पसष्टीकरण ▸ कहा- सर्द रातों में सड़क पर सोता न मिले कोई भी व्यक्ति, सात दिन बाद फिर करेंगे निरीक्षण**



**मुजफ्फरनगर, 06 दिसम्बर (बु.)।** गुरूवार की रात एकाएक जिलाधिकारी उमेश मिश्रा गरीबों की सुध लेने के लिए निकल पड़े और रेलवे स्टेशन तथा जिला चिकित्सालय पहुंचकर रैन बसेरे में खुद व्यवस्थाओं का हाल जाना और किसी तरह की कोई परेशानी रैन बसेरे में रहने वाले लोगों और अस्पताल में मरीज व मरीज के तीमारदारों को न हो उसकी पूरी जानकारी लेने के बाद अधिनस्थों को सख्ती से दिशा निर्देश दिए। पालिका के अधीन चलने वाले रेलवे स्टेशन स्थाई रैन बसेरे में डीएम को हाल बेहाल मिला, यहां अव्यवस्थाओं को लेकर पालिका ईओ से स्पष्टीकरण मांगते हुए सात दिन का समय दिया और फिर औचक निरीक्षण करने की बात कही है। इससे पालिका में पूरा हड़कम्प नजर आया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा गुरूवार की रात्रि में करीब साढ़े बारह बजे सर्द रातों में बेसहारा और जरूरतमंद लोगों के लिए रैन बसेरों में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए निरीक्षण पर निकले। उन्होंने पालिका के अधीन चलने वाले रेलवे स्टेशन के रैन बसेरे पर जाकर वहां लोगों के ठहरने के किए गए प्रबंध को परखा तो न तो बिस्तर ही गुणवत्ता पूर्ण पाये गये और न ही शौचालय और सफाई व्यवस्था ही ठीक मिली। यहां-वहां गन्दगी और गन्दे बिस्तर व निम्न गुणवत्ता के कम्बल मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही रैन बसेरे के बाहर ही आठ-दस लोगों को सड़क पर सोते हुए देखा तो भी वो गुस्सा हो गये। दिन निकलने के बाद जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने पालिका की ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को रैन बसेरे में मिली अव्यवस्थाओं को लेकर फटकार लगाई और उनका स्पष्टीकरण तलब किया। शाम को ईओ डॉ. प्रज्ञा पालिका से अनुबंध के आधार पर रैन बसेरा चला रही एनजीओ आदर्श सेवा समिति के प्रबंधक योगेन्द्र शर्मा को लेकर डीएम के समक्ष पेश भी हुई। ईओ ने बताया कि उनके द्वारा व्यवस्था परखने के लिए दो दिसम्बर को रैन बसेरे का निरीक्षण किया था, उस दौरान भी ये खामियां मिली थी, इसको लेकर उनके द्वारा एई निर्माण अखंड प्रताप, कर अधीक्षक नरेश शिवालिया और एनजीओ प्रबंधक योगेन्द्र शर्मा को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा था। इसके साथ ही उनके द्वारा रैन बसेरे के जर्जर शौचालय का पुनः निर्माण शुरू कराते हुए भवन की मरम्मत भी कराई जा रही है, कार्य अभी जारी रहने के कारण ही वहां पर साफ सफाई का अभाव बना हुआ है, करीब एक सप्ताह बाद कार्य खत्म होने पर ही वहां व्यवस्था सुचारू हो पायेंगी। ईओ के अनुसार अस्थाई रैन बसेरे पर अतिक्रमण किया गया था, उसको हटवाते हुए व्यवस्था बनाई गई है। 50 नए गद्दे और कम्बल लिए जा रहे हैं। साथ ही हीटर और गीजर का प्रबंध भी पालिका अपनी ओर से कर रही है। वहीं एनजीओ प्रबंधक योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि पालिका को स्पष्टीकरण दिया जा चुका है। कहा कि छह साल पूर्व ही उनको रैन बसेरे के लिए बिस्तर और कंबल दिये गये थे, छह साल बाद किसी ईओ ने पहली बार निरीक्षण कर व्यवस्था को देखा और तत्काल कार्य शुरू कराया है। एनजीओ को पालिका से मिलने वाला भुगतान दस माह से नहीं दिया गया है, इससे संकट है। वहीं डीएम ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वो सात दिन का समय दे रहे हैं, इसके बाद कभी भी औचक निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि सर्दी में कोई भी व्यक्ति सड़क पर सोता न मिले, इसके लिए पालिका भ्रमण दल का गठन करते हुए रात्रि में ऐसे लोगों को रैन बसेरों तक पहुंचाने का काम करे। ईओ ने बताया कि रात्रि भ्रमण के साथ ही रैन बसेरे के औचक निरीक्षण के लिए उनके द्वारा तीनों राजस्व निरीक्षकों के साथ ही अन्य कर्मचारियों की टीमों का गठन कर दिया है, जो प्रतिदिन अपनी रिपोर्ट देंगी। जिलाधिकारी के इस औचक निरीक्षण की आम जनता के बीच प्रशंसा हो रही है, क्योंकि बताकर निरीक्षण करने से पहले से ही सभी कुछ चकाचक कर लिया जाता है, कमियों की पकड़ तो औचक निरीक्षण में ही होती है।

# खतौली तहसील में देवताओं के थानों से तीन हरे पीपल के पेड़ काटे



**खतौली, 06 दिसम्बर (बु.)।** खतौली तहसील परिसर में स्थित प्राचीन देवताओं के थानों के निकट लगे तीन हरे पीपल के पेड़ों को काटे जाने से आक्रोशित अधिवक्ताओं द्वारा हंगामा कर कार्यवाही की मांग की। तहसील परिसर क्षेत्र में पूर्व से बने देवताओं के ईद-गिर्द कुछ हरे-भरे पीपल के पेड़ लगे थे। देवताओं के थानों पर पूजा अर्चना करने वाली महिलाएं अपनी परम्परा के अनुसार थानों पर पूजा अर्चना करके पीपल के पेड़ पर अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर कलावा बांधती थी। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह जब अधिवक्तागण तहसील कार्यालय पहुंचे तो उन्हें पता चला कि देवताओं के थानों के इर्द-गिर्द लगे कुछ पेड़ किन्हीं अज्ञात लोगों द्वारा काट दिये गये हैं। देवताओं के निकट पेड़ों के काटने की जानकारी से तहसील अधिवक्ताओं में रोष फैल गया तथा तत्काल अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सरदार जितेन्द्र सिंह, सचिन आर्य, जगदीश आर्य, अभिषेक गोयल, शाकिर अहमद, सुबोध, आदेश मोतला, सचिन, अकलक जैन, आकाश सैनी, महेश, मौ. अरशद, रामकुमार, मनोज गर्ग, कदम सिंह, नवीन उपाध्याय, सुलेमान खान, शकुन्तला देवी, अशोक अहलावत आदि अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों की भीड़ तत्काल मौके पर पहुंची, जहां उन्होंने तहसील परिसर से हरे पेड़ काटे जाने पर रोष व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।

**शेष - क्या यही है पत्रकारों का...**

## किस सलाह अथवा सहमति पर बनती है यह कमैटी ?

**मुजफ्फरनगर।** हर वर्ष बनने वाली जिला स्तरीय स्थाई समिति का गठन पिछले पांच वर्षों से क्यों नहीं किया गया इस पर न तो आज तक किसी मुजफ्फरनगर के पत्रकार ने सवाल खड़े किए और न ही कोई आवाज उठाई। उससे भी बड़ी बात यह है कि उक्त कमैटी बनाने से पहले किन मान्यता प्राप्त पत्रकारों, सम्पादकों की सलाह उक्त कमैटी गठन से पहले ली गयी है। बिना किसी को सूचना दिये चुपचाप उक्त कमैटी का गठन कर देना कौन से नियम, कानूनों के चलते किया गया, यह भी शायद कोई पत्रकार सवाल उठाने का दम न रखता हो। यूं तो जिलाधिकारी जिले के मालिक होते हैं, अपनी मनमर्जी करते हुए वे जो चाहे करके चले जाएं। कौन से शासन के नियम के अनुरूप किसके द्वारा वरिष्ठ पत्रकारों के नाम लिये गए और किसकी सहमति पर कमैटी बनाई गयी यह शायद ही किसी को पता हो। कुल मिलाकर मुजफ्फरनगर जिले में पत्रकारों की लगातार अनदेखी के साथ साथ बिना जानकारी दिये ऐसी मीडिया कमैटी बना देना पत्रकारों के साथ कौन सा न्याय है। क्या यही जिले के पत्रकारों का सम्मान है?

आज तक भी किसी को पता नहीं होगा।

# शहर में सीजन की सबसे ठंडी रात, पारा 9.5

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** दिसंबर के डग आगे बढ़ाते अब लगने लगा है कि सर्दी भी कदम आगे बढ़ा रही है। पहाड़ों पर बारिश और बर्फबारी के बाद अब मैदानों में ठिठुरन के आभास के साथ नगर में आज इस मौसम का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। नगर में आज तापमान अधिकतम 23.5 और न्यूनतम 9.5 डिग्री दर्ज किया गया। ऐसे में अब मौसम विभाग आने वाले दिनों में बारिश की संभावना के साथ तापमान और गिरने का अनुमान जता रहा है। अभी तक राहत इस बात से है कि दिन में कड़क धूप निकल रही है। धूप गायब हो जाए तो दिन भी कंपाते नजर आएगा। एक राहत की बात यह है कि हवाएं चलने के बाद प्रदूषण घटा है और शहर में एक्यूआई संतोषजनक स्तर पर 81 दर्ज किया गया।

नगर में इस बाद दिसंबर आने तक मौसम को लेकर लोग तमाम चर्चाएं कर रहे थे। ऐसे में अब मौसम में आ रहे बदलाव ने तापमान को टटका दिया है। इसके चलते आज इस सीजन की सबसे ठंडी रात के साथ पारा 9.5 डिग्री पर आ गया। ऐसे में बीती रात इस मौसम में सबसे ठिठुरी रात रही। अभी गनीमत यह है कि दिन में तेज धूप से लोग राहत महसूस कर रहे हैं और दिन में ठंडी हवाओं के झोंकों के साथ धूप सेंकते लोग नजर आ रहे हैं। धूप कम हुई तो दिन में भी ठिठुरन भरी हवाएं कंपाने के लिए तैयार हैं। दो दिन से चल रही पुरवा हवाओं का असर यह है कि फिजा में प्रदूषण पर लगाम लगी है और यह संतोषजनक स्तर पर पहुंच कर 81 दर्ज किया गया। स्काईमेट वेदर के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ से बर्फबारी की उम्मीदः आखिरकार, कल (7 दिसंबर) देर शाम एक प्रभावी पश्चिमी विक्षोभ के आने की संभावना है, जिससे इको सिस्टम में सुधार की संभावना बढ़ गई है। यह पश्चिमी विक्षोभ कल 7 दिसंबर की देर रात तक पहुंचेगा और 10 दिसंबर 2024 की सुबह तक इसका प्रभाव समाप्त हो जाएगा। इस पश्चिम विक्षोभ (मौसम प्रणाली) का प्रभाव एक साथ पहाड़ों और मैदानी इलाकों में महसूस किया जाएगा। इससे पहले पश्चिम राजस्थान के सीमा क्षेत्र और पंजाब, हरियाणा तथा दिल्ली क्षेत्र को कवर करते हुए एक व्यापक और बंद चक्रवातीय परिसंचरण विकसित होने की संभावना है। 8 और 9 दिसंबर को इन इलाकों में हवा के पैटर्न में बदलाव होगा। पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवाओं का प्रवाह रुक जाएगा और इन इलाकों में बादल छा सकते हैं। पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवातीय परिसंचरण के संयुक्त प्रभाव से पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में पहली सर्दी की बारिश हो सकती है।

# पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई बीस साल की सजा व 11 हजार का अर्थदंड

**मुजफ्फरनगर, 06 दिसम्बर (बु.)।** 29 अगस्त 2022 में अहसान निवासी थाना छपार द्वारा रात्रि के समय नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया गया था। उक्त मामले में अभियोजन की ओर से छह गवाह पेश किये गये थे, जिसमें शुक्रवार को एडीजीसी विक्रांत राठी व दीपक गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी ने अपहरण करने के बाद पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में नाबालिग के पिता द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसमें पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था तथा पीड़िता के बयान कोर्ट में दर्ज कराये थे। इस मामले में सुनवाई विशेष पॉक्सो कोर्ट अलका भारती की कोर्ट में हुई। कोर्ट में अभियोजन की तरफ छह गवाह पेश करने के बाद दोनों पक्षों की बहस सुनी गई, जिसमें न्यायाधीश ने आरोपी को बीस साल की सजा व ग्यारह हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।